# कार्यालय ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश, भिवानी

## सार्वजनिक नियुक्ति की सूचना

चपरासी/अतिरिक्त चपरासी आदि (जिसमे 12 प्रत्याशित पद शामिल है) के निम्नलिखित अस्थायी पदों जिनके नियमित होने की संभावना है कि सीधी भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| **क्र. सं.** | **पद का नाम** | **पदों की संख्या** | | | | | | | **वेतनमान** | **PwBD श्रेणियों के लिए उपयुक्त पद** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **चपरासी/अतिरिक्त चपरासी आदि** | **12 पद** | | | | | | | डीएल 16900-53500 व अन्य सामान्य भत्ते। | **श्रेणी 'सी'** 'निचला अंग और ऊपरी अंग' |
| | | सामान्य | भूतपूर्व सैनिक (सामान्य) | अनुसूचित जाति | पिछड़ा वर्ग (ए) | पिछड़ा वर्ग (ए) (भूतपूर्व सैनिक) | पिछड़ा वर्ग (बी) | दिव्यांग जन (PwBD) | | |
| | | 05 | 01 (बकाया रिक्ति) | 02 | 01 | 02 | 01 | 01(बकाया रिक्ति) **श्रेणी 'सी'** | | |

**नोट:-** चयन प्रक्रिया के दौरान अदालतों की घटत और बढ़त, सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, अधिशेष कर्मचारियों के समायोजन या किसी अन्य कारण, रिक्तियों की संख्या बढ़ या घट सकती है। इस संबंध में अलग से कोई सूचना जारी नहीं की जाएगी।

उपरोक्त पदों के लिए चयन हरियाणा अधीनस्थ न्यायालय स्थापना (भर्ती और सेवा की सामान्य शर्ते) नियम, 1997 के संशोधित नियम 7 के अनुसार किया जाएगा।

**श्रेणी 'सी'** - निचला अंग और ऊपरी अंग।

---

**नोट 1:-** माननीय उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों के-मद्देनजर आरक्षण के उद्देश्य से केवल श्रेणी 'सी' बेंचमार्क विकलांगता (PwBD) वाले व्यक्तियों, जिन्हें उपयुक्त के रूप में पहचाना गया है, पर विचार किया जाएगा।

**नोट 2:-** अन्य श्रेणियों के बेंचमार्क विकलांगता (PwBD) वाले व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं, भले ही पद उनके लिए आरक्षित न हो लेकिन पद के उपयुक्त पहचाना गया हो। हालाँकि, ऐसे उम्मीदवारों का पद पर चयन योग्यता के सामान्य मापदंडों के आधार पर और बिना किसी छूट के किया जाएगा और ना ही वे आयु सीमा में छूट का लाभ उठा सकते हैं जैसा कि PwBD श्रेणी के उम्मीदवारों को दिया गया है, जिनके लिए पद आरक्षित किए गए हैं।

**नोट 3:-** वही उम्मीदवार पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के तहत योग्य होंगे जो संबंधित विकलांगता में कम से कम 40 प्रतिशत ग्रस्त हों। जो उम्मीदवार आरक्षण का लाभ लेना चाहता है उसे हरियाणा सरकार के निर्देश संख्या 22/10/2013-1GSIII दिनांक 25.04.2018 और 22/106/2018-1 GSIII दिनांक 01.05.2019 के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र जमा करना होगा।

---

**1.** **उपरोक्त** नियम 7(x) के अनुसार, पद के लिए आवश्यक योग्यता:

आवेदक मिडल कक्षा उतीर्ण हो तथा हिंदी/पंजाबी भाषा का ज्ञान हो। आवेदक को आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि पर योग्यता की शर्त को पूरा करना चाहिए।

2. **आयु सीमा:**

किसी व्यक्ति को सेवा में भर्ती नहीं किया जाएगा अगर उसकी आयु 01.01.2024 को 18 वर्ष से कम और 42 वर्ष से अधिक है। आरक्षित श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ और/या हरियाणा सरकार द्वारा जारी किये गये निर्देशों के अनुसार स्वीकार्य होगी।

3. **आरक्षण:**

i. हरियाणा सरकार के पत्र क्रमांक 22/67/81-3GSIII दिनांक 15.07.1985 के तहत आरक्षण का लाभ केवल हरियाणा राज्य के स्थाई निवासियों के लिए स्वीकार्य होगा।

ii. हरियाणा अधीनस्थ न्यायालय स्थापना (भर्ती और सेवा की सामान्य शर्तें), नियम 1997 के नियम 7(iii) की व्याख्या के अनुसार '***जहां आरक्षित श्रेणी का कोई उम्मीदवार उपलब्ध नहीं है, वहां सामान्य श्रेणी से नियुक्ति की जाएगी***'।

4. **अंतिम तिथि:**

आवेदन दस्ती या डाक द्वारा अधोहस्ताक्षरी यानि कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चिड़िया घर रोड, भिवानी के कार्यालय में प्राप्त करने की अंतिम तिथि 19.12.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक है। इसके बाद प्राप्त आवेदनों को बिना किसी पत्राचार के सीधे अस्वीकार कर दिया जाएगा। डाक प्राधिकरणों के द्वारा हुआ विलम्ब निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को स्वीकार करने का आधार नहीं होगा। ईमेल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर किसी भी प्रकार से विचार/स्वीकार नहीं किया जाएगा।

5. सरकारी विभाग, अर्धसरकारी विभाग, किसी सरकारी निगम/बोर्ड/संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना होगा।

6. आवेदन पत्र जिला न्यायालय भिवानी की वेबसाईट https://bhiwani.dcourts.gov.in/notice-category/recruitments/ से डाउनलोड किये जा सकते है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती से संबंधित अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।

7. आवेदन पत्र में दिए हुए स्थान पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित पासपोर्ट आकार का एक नवीनतम रंगीन फोटो चिपका होना चाहिए और शैक्षणिक दस्तावेजों एवं श्रेणी (जाति), अनुभव इत्यादि सम्बंधी प्रमाणपत्रों की स्वयं सत्यापित प्रतिलिपि आवेदन पत्र के साथ संलग्न होनी चाहिए। विकलांग व्यक्ति (PwBD) अपने आवेदन में अपनी श्रेणी का उल्लेख करें और विकलांगता के संबंध में प्रमाण पत्र संलग्न करें। उम्मीदवारों को साक्षात्कार/हाजिरी के समय अपने मूल प्रमाण पत्र एवं एक पहचान पत्र लेकर आना अनिवार्य होगा।

8. आवेदक आवेदन पत्र में अपनी सभी शैक्षणिक योग्यताओं और अन्य घोषणाओं/प्रमाणपत्रों का उल्लेख करें। उल्लेख न करने पर सम्बंधित उम्मीदवार नियुक्ति के लिए अयोग्य हो सकता है और कानून के प्रासंगिक प्रावधान के तहत अभियोजन के लिए भी उतरदायी हो सकता है।

9. किसी भी तरीके से अधूरे आवेदनों को बिना कारण बताए सीधे तौर पर खारिज कर दिया जायेगा। अधूरे आवेदनों या जो आवेदन अंतिम तारीख जो की 19.12.2024 है के बाद इस कार्यालय में प्राप्त होने के कारण इन्कार किए गए होंगे, के बारें में किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा। हालाँकि, अस्वीकृत आवेदकों की सूची इस कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

10. जो अभ्यर्थी उपरोक्त वर्णित पदों के लिए योग्यता पूरी करता है उसे न्यायिक परिसर, चिड़िया घर रोड, भिवानी में उसके नाम के पहले अक्षर के विरुद्ध नीचे दी गयी तारीख व समय पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा:-

| तारीख | दिन | हाजिरी का समय | साक्षात्कार का समय | अंग्रेजी वर्ण माला के अनुसार नाम |
|---|---|---|---|---|
| 04.01.2025 | शनिवार | 10:00 बजे | दोपहर 01:30 बजे से आगे | A और B |
| 06.01.2025 | सोमवार | 10:00 बजे | दोपहर 01:30 बजे से आगे | C, D, E, F, G, H, I और J |
| 07.01.2025 | मंगलवार | 10:00 बजे | दोपहर 01:30 बजे से आगे | K, L और M |
| 08.01.2025 | बुधवार | 10:00 बजे | दोपहर 01:30 बजे से आगे | N, O, P, Q और R |
| 09.01.2025 | वीरवार | 10:00 बजे | दोपहर 01:30 बजे से आगे | S |
| 10.01.2025 | शुक्रवार | 10:00 बजे | दोपहर 01:30 बजे से आगे | T, U, V, W, X, Y और Z<br>और |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | वह आवेदक जो कि ज़िला रोजगार कार्यालय एवं ज़िला सैनिक बोर्ड के द्वारा भेजे गए है। |

**11.** यदि ज्यादा उम्मीदवार होने के कारण या किसी अन्य कारण से उपर्युक्त अनुक्रम में सभी उम्मीदवारों का निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार नहीं लिया जाता है तो बाकी उम्मीदवारों का साक्षात्कार चयन समिति द्वारा निर्धारित दिन पर आयोजित किया जाएगा।

12**.** किसी आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, आवेदकों की योग्यता/उपयुक्तता, चयन के तरीके/मानदंड आदि से संबंधित सभी मामलों में चयन समिति का निर्णय अंतिम और आवेदकों पर बाध्यकारी होगा।

13. योग्य उम्मीदवारों के रोल नंबर दर्शाने वाली सूची, साक्षात्कार शुरू होने कि तिथि से पहले जिला न्यायालय, भिवानी की वेबसाईट पर अपलोड कर दी जाएगी और योग्य उम्मीदवारों को अलग से कॉल लेटर नहीं भेजा या जारी किया जाएगा।

14. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवारों को किसी प्रकार का यात्रा/दैनिक भत्ता नहीं दिया जायेगा।

**हस्ता.**
**जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**भिवानी**

# भिवानी सत्र मण्डल में चपरासी/अतिरिक्त चपरासी आदि के पद के लिए आवेदन पत्र

उम्मीदवार का नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित चिपकाए

सेवा में,

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
भिवानी।

**विषय:** **चपरासी/अतिरिक्त चपरासी आदि के पद के लिए आवेदन।**

| | | |
|---|---|---|
| उम्मीदवार का नाम | : | |
| पिता/पति का नाम | : | |
| जन्मतिथि | : | |
| (01.01.2024 को उम्र) | : | |
| लिंग(पुरुष/महिला) | : | |
| राष्ट्रीयता | : | |
| पूर्ण स्थायी पता (पिनकोड व राज्य के साथ) | : | |
| पूर्ण पत्राचार पता (पिनकोड व राज्य के साथ) | : | |
| वर्ग (जाति) | : | |
| पूर्व सैनिक (हाँ या ना) यदि हाँ, तो सेवानिवृति कि तारीख | : | |
| केवल बेंचमार्क विकलांग के लिए (श्रेणी व प्रतिशत) | : | |

**शैक्षणिक योग्यता**

| परीक्षा / डिग्री | | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | श्रेणी/वर्ग | अंकों का प्रतिशत | मूल्यांकन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आठवी/दसवीं/ मैट्रिक | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| अन्य योग्यता, यदि कोई हो | | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| संपर्क न. /मोबाइल न. | : | |
| ईमेल आई.डी. | : | |

**नोट:- सभी सम्बंधित दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियाँ संलग्न करें।**

मैं__________ पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री______________________ घोषित करता/करती हूँ कि ऊपर दी गई और सलंग्न दस्तावेजों में दी गई जानकारी मेरे ज्ञान और विश्वास में सही है व् उसमे कुछ भी छुपाया नहीं गया है। मैं समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य या गलत पाई जाती है तो मुझ पर कानून के सम्बन्धित प्रावधानों के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है।

दिनांक: ..................

स्थान: ..................

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**